
हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 201 देहरादून, मंगलवार, 31 जनवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर उत्तराखंड की झांकी ने प्रथम स्थान पाकर बनाया इतिहास 3

# उत्तर भारत में और गिरेगा तापमान उत्तराखंड में बारिश, भारी बर्फबारी



नई दिल्ली 30 जनवरी, (एजेंसी)। दिल्ली और एनसीआर के लोगों को सप्ताह के पहले दिन भी मौसम के बदले मिजाज से राहत मिलती दिख नहीं रही है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबकि, राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में अगले दो घंटे में आंधी-तूफान के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश होगी। बारिश का यह दौर सोमवार को पूरे दिन जारी रहने का अनुमान है। साथ ही इस कड़ाके की ठंड का दौर एक बार फिर लौट सकता है।

मौसम विभाग ने एक दिन पहले ही पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बारिश का अलर्ट जारी किया था। इस अलर्ट में बताया गया था कि मंगलवार तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। अब सोमवार सुबह मौसम विभाग की तरफ से एक लेटेस्ट अलर्ट जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि अगले कुछ घंटों में दिल्ली और एनसीआर से जुड़े इलाकों में आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग का यह अलर्ट लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, दादरी, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, बल्लभगढ़। कुरुक्षेत्र, करनाल, जींद, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, फरुखनगर, कोसली, महेंद्रगढ़, सोहाना, रेवाड़ी, पलवल, नूंह, होडल (हरियाणा) गंगोह, देवबंद, शामली, मुजफ्फरनगर, कांधला, खतौली, सकोटी टांडा, हस्तिनापुर, बड़ौत, दौराला, बागपत, मेरठ, मोदीनगर, हापुड़, गुलाटी, बुलंदशहर, खुर्जा, जट्टारी, खैर, नंदगांव, बरसाना (यूपी) भिवाड़ी, तिजारा, खैरथल, कोटपूतली अगले 2 घंटे के दौरान अलवर, नगर, लक्ष्मणगढ़ (राजस्थान) के लिए जारी किया गया है।

आईएमडी का कहना है कि उत्तर भारत में मौसम में बदलाव का यह दौर अभी जारी रहेगा। बारिश की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज होगी। इस वजह से ठंड एक बार फिर लौट सकती है।

## कश्मीर, हिमाचल और श्रीनगर हवाईअड्डे से उड़ानें रद्द, नेशनल हाइवे भी बंद



श्रीनगर 30 जनवरी, (एजेंसी)। कश्मीर घाटी में सोमवार सुबह भारी बर्फबारी के कारण श्रीनगर हवाईअड्डे से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं और राष्ट्रीय राजमार्ग भी बंद कर दिया गया। पूरी घाटी में भारी बर्फबारी हो रही है और जम्मू संभाग में भी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 12 घंटों के दौरान इसी तरह का मौसम जारी रहेगा। घाटी में भारी बर्फबारी हुई और जम्मू संभाग में सोमवार सुबह से ही बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान (एमईटी) विभाग के एक अधिकारी ने कहा, अगले 12 घंटों के दौरान प्रतिकूल मौसम जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सोमवार शाम से मौसम में सुधार होगा। श्रीनगर शहर में सोमवार सुबह तक पांच इंच बर्फ जमी हुई है, जबकि गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में एक से तीन फुट बर्फबारी हुई है। सडक़ के रामबन-बनिहाल खंड में कई स्थानों पर पत्थर गिरने और मिट्टी धंसने के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद कर दिया गया है। खराब विजिबिलिटी के कारण श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। गिरती बर्फ और खराब विजिबिलिटी के कारण सुबह के समय कोई भी विमान हवाईअड्डे पर ना तो उतर सका नाही उड़ान भर सका। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 0.2, पहलगाम में माइनस 1.4 और गुलमर्ग में माइनस 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा। लद्दाख क्षेत्र में कारगिल में न्यूनतम तापमान माइनस 6.8 और लेह में माइनस 0.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जम्मू में 10.4, कटरा में 9, बटोटे में 1.2, बनिहाल में 0.2 और भद्रवाह में माइनस 0.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा।

## उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी, उधमसिंह नगर समेत कई शहरों में कल रात हुई झमाझम बारिश से मौसम में काफी गिरावट आई है। आईएमडी ने रविवार और सोमवार दोनों दिन उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई थी। आज भी देहरादून समेत कई शहरों में बारिश हो सकती है। वहीं, ऊंचाई वाले इलाकों मसूरी, धनोल्टी, जोशीमठ, गौरीकुंड, चमोली समेत कई इलाकों में भारी बर्फबारी हो रही है। मंगोत्री में कई फीट बर्फबारी से तापमान -10 डिग्री तक पहुंच गया है।

## हिमाचल में बर्फबारी, उत्तराखंड में ऑरेंज अलर्ट

हिमाचल प्रदेश के उंचे इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई है। रोहतांग दर्रा, कुंजम दर्रा, बारालाचा सहित सीबी रेंज की पहाडियों में भारी बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के बाद समूचा हिमाचल शीतलहर की चपेट में आ गया है। इन इलाकों में हिमस्खलन का खतरा बढ़ गया है। उधर उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ के चलते रविवार से मौसम बदल गया। कई जिलों में बारिश होने से ठंड बढ़ गई। सोमवार को भी चार जिलों में भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। छह अन्य जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है।

# बर्फ़बारी से दिलकश हुई हर्षिल घाटी

**हरसिल से आशीष तिवारी की ग्राउंड रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड की वादियां बीते कुछ घंटों से बर्फबारी और बारिश के बाद बेहद आकर्षक और खूबसूरत हो गई है। हिंदी दैनिक न्यूज़ वायरस ने खूबसूरत वादियों से गिरी हरसिल घाटी का जायजा लिया और कैमरे की नजर से देखा कैसा है शोमैन राज कपूर के रामतेरीगंगामैली से मशहूर हुए हरसिल का नजारा । तस्वीरों में आप देख सकते हैं किस तरह से सेब के बागान , आम लोगों के घर और आसपास का इलाका पूरी तरह से बर्फ की सफेद चादर से ढक गया है। हालांकि इस दौरान इलाके में कई घंटों के लिए बिजली भी काट दी गई जो सुरक्षा के लिहाज से जरूरी बताई गई , बावजूद इसके स्थानीय लोग पर्यटकों का बड़े उत्साह के साथ स्वागत करते नजर आ रहे हैं। पर्यटक भी इस खूबसूरत नजारे को अपनी यादों में समेटने के लिए उत्साहित दिखे।









हालांकि जितनी भीड़ यहां पर बर्फबारी के दौरान दिखाई देनी चाहिए उतनी सैलानियों की भीड़ बाजार में नजर नहीं आ रही थी। लेकिन कुछ परिवार ऐसे थे जो बीते 24 घंटे के दौरान हुई बर्फबारी का आनंद लेने के लिए माइनस डिग्री टेंपरेचर में भी अठखेलिया करते नजर आए ।

# ग्राम प्रधानों ने की एनएमएमएस को जल्द समाप्त करने मांग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



नई टिहरी। मनरेगा योजना में नेशनल मोबाइल मानीटिरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) को लागू किए जाने का ग्राम प्रधान संगठन ने विरोध किया है। भिलंगना के ब्लॉक के ग्राम प्रधानों ने रोष जताते हुए एनएमएमएस को जल्द समाप्त करने मांग उठाई है। सोमवार को भिलंगना के ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय दफ्तर में एनएमएमएस के विरोध में तालाबंदी कर उक्त लागू प्रक्रिया को तल्काल वापस लेने की मांग की है। कहा कि जल्द उनकी मांग पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है, तो ग्राम प्रधान सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को बाध्य होंगे। प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय में नारेबाजी करते हुए दफ्तर के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर धरना दिया। प्रधान संगठन अध्यक्ष ने कहा कि एक जनवरी 2023 से मनरेगा श्रमिकों की हाजरी एनएमएमएस के माध्यम से लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। कहा कि पहाड़ की भौगोलिक परिस्थिति के कारण के कई गांवों में मोबाइल कनेक्टीविटी नहीं होने से श्रमिकों की उपस्थिति नहीं लग पा रही है। साथ ही ग्राम प्रधानों और कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मनरेगा श्रमिकों की हाजरी पूर्व की भांति यथावत रखने की मांग की है। कहा कि जल्द उक्त व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है तो ग्राम प्रधान सामूहिक रुप से इस्तीफा को बाध्य होंगे।

उधर, दूसरी ओर देवप्रयाग ब्लॉक में केंद्रीय एंव राज्य वित्त में आ रही दिक्कतों का समाधान न होने पर ग्राम प्रधानों ने एक फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय में तालाबंदी की चेतावनी दी है। ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष सोबन सिंह चौहान ने बताया कि पूर्व में दिए गए ज्ञापनों के माध्यम से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, केंद्रीय एंव राज्य वित्त में आ रही दिक्कतों में शासन प्रशासन से समाधान की मांग की गई थी, लेकिन मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो पाई है। बताया कि विरोध में ग्राम प्रधान संगठन एक फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय दफ्तरों में तालाबन्दी करेंगे। उसके बाद भी मांगें नहीं मानी गई तो ग्राम प्रधान आन्दोलन के लिए बाध्य होगें। प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान यशवंत गुसाईं, किशन सिंह, ममता देवी, मीणा देवी, बुद्धि देवी, प्रदीप पंवार, विजय जोशी, अमर सिंह राणा, प्रमोद प्रसाद, सविता मैठाणी, कंचन देवी, जयवीर सिंह, सनोप सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह आदि मौजूद थे।

# जनता दरबार : सीडीओ ने किया आठ शिकायतों का समाधान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई टिहरी। सीडीओ मनीष कुमार ने जनता दरबार में आम लोगों की आठ शिकायतों का निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को जनता की शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देश दिए। सीडीओ अनुपस्थित ईई जल निगम टिहरी और जल संस्थान के स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए। जबकि उप राजस्व अधिकारी सिंचाई खंड पुर्नवास से लोगों को भ्रमित करने के मामले में जबाब तलब किया गया। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दरबार में ग्राम कोटीखास निवासी रामचन्द्र ने अनुसूचित ग्राम चैंरियाधार में पेयजल लाइन निर्माण में अवरोध उत्पन्न किए जाने की शिकायत की। जिस पर सीडीओ ने एसई जल निगम टिहरी को प्रकरण पर नियमानुसार जांच कर यथोचित विधिसम्मत कार्यवाही कर एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कुलणा निवासी प्रेम दत्त डोभाल ने पुर्नवास के तहत अवशेष भूमि के बदले भूमि आंवटन किए जाने का अनुरोध किया। जिस पर ईई पुर्नवास को स्थलीय जांच कर मय अभिलेख व अभिमत प्रत्येक दशा में 5 फरवरी तक स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराने को निर्देश दिए। सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप चन्द्र सूर्या मणिक ग्राम जोगथ बिचला उत्तरकाशी ने अप्रैल 2022 में ग्राम रौलाकोट के पात्र विस्थापितों के लाटरी प्रक्रिया में आवासीय एवं कृषि भूखण्ड में हुई लापरवाही के चलते लाटरी प्रक्रिया पुनः करवाने तथा स्व शिवदास के नाम दर्ज खसरा नंबर 4704 में आवासीय 2 कमरों का भवन का मुआवजा स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया। लाटरी प्रक्रिया प्रकरण पर ईई पुर्नवास को स्पष्ट जांच कर जांच आख्या देने को कहा। चंबा निवासी धनवीर पंवार ने ब्लॉक रोड चम्बा ने जिला पंचायत में संचालित दुकान को खाली करने के आदेश पर चम्बा नगर क्षेत्र में अन्यत्र स्टाल लगवाने का अनुरोध किया। प्रधानाचार्य भागीरथी उमाविद्या मंदिर कण्डीसौड़ ने विद्यालय भूमि पर अतिक्रमण कर सुरक्षा दीवार को तोडक़र रास्ता बनाए जाने की शिकायत की। देवचन्द्र पुरषोड़ा ग्राम सुनार गांव ने एनएच के मलबे से निजी गूल को क्षति होने के चलते मूल्यांकन करने का अनुरोध किया।

# दस्तावेज गायब होने के आठ माह बाद भी नहीं हुई जांच

काशीपुर। स्थानीय अशासकीय विद्यालय के प्रवक्ता की अलमारी से अनुपस्थिति रजिस्टर समेत अन्य गोपनीय दस्तावेज गायब होने के आठ माह बाद भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले में कार्रवाई के आदेश दिए थे। प्रधानाचार्य की संलिप्तता पर संदेह जताते हुए विद्यालय शिक्षा समिति प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर देकर जांच की मांग की है। दरअसल, जून 2022 में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पं.जीबी पंत इंटर कॉलेज में मरम्मत कार्य के चलते दस्तावेजों की अल्मारी को दूसरे कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया था। अलमारी से गृहपरीक्षा 2022 के अनुपस्थिति रजिस्टर गायब हो गया। जिसके संबंध में विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने विद्यालय प्रबंधक को पत्र लिखा। बताया कि रजिस्टर में विद्यालय के प्रधानाचार्य के पुत्र कक्षा 11बी के छात्र से संबधित विवरण हैं। कहा प्रधानाचार्य ने अपने पुत्र को परीक्षाओं में बिना उपस्थिति के उत्तीर्ण कर दिया। उन्होंने शिक्षा समिति प्रबंधक से मामले में जांच की मांग की थी। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी और प्रधानाचार्य पं. जीबी पंत इंटर कॉलेज को गुम हुए कागजात समेत अन्य दस्तावेज खोजने एवं नहीं मिलने की स्थिति में नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए थे।

# राष्ट्रपिता ने अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शिक्षण संस्थानों में रामधुन गूंजी। शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय विकासनगर में शिक्षकों ने नौनिहालों को आजादी के आंदोलन की जानकारी दी। सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखने के बाद नौनिहालों और शिक्षकों ने 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम... की मधुर तान छेड़ी। जूनियर हाईस्कूल पष्टा में प्रधानाध्यापक सुरेश नौटियाल ने छात्रों को बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने में विशेष योगदान दिया। एक पिता की तरह देश के नागरिकों को सही मार्ग पर चल अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। प्राथमिक विद्यालय डोभरी में शिक्षकों और बच्चों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानाध्यापक अर्चना रानी ने बच्चों को बताया कि राष्ट्रपिता ने अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाया। देश की आजादी के लिए अपना जीवन बिता देने वाले बापू स्वतंत्रता के कुछ महीनों बाद ही देशवासियों को छोडक़र चले गए। महात्मा गांधी की याद में उनकी पुण्यतिथि को भारत शहीद दिवस के तौर पर मनाता है। इस दौरान शालिनी गौतम, बनीता राणा, दीपा रानी, सोमवती, निर्मला देवी आदि मौजूद रहे।

शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से तिलक भवन में राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शम्मी प्रकाश ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरे विश्व का शांति और अहिंसा का संदेश दिया। लेकिन आज उनके ही देश में नफरत का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन सर्वकालिक प्रासंगिक है। गांधी दर्शन के आधार पर ही देश के हर वर्ग का उत्थान संभव है। इस दौरान जिला महासचिव राजीव शर्मा, विकास शर्मा, कितेश आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर पछुवादून विकास मंच द्वारा उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखनवाला में आयोजित कार्यक्रम में मंच द्वारा बच्चों को गांधी जी के दर्शन के बारे में बताया। मंच संयोजक अतुल शर्मा ने कहा कि भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने में विशेष योगदान दिया। भारत को आजाद कराने के लिए कई आंदोलन चलाए। घर त्याग कर आश्रम में रहकर आत्म चिंतन किया। महात्मा गांधी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था लेकिन उनके आचरण और योगदान के कारण सिर्फ भारतवासी ही नहीं विदेशों में भी लोग उनको बापू कहकर पुकारते हैं। देश की आजादी के लिए उनके किए गए योगदान को कोई भुला नहीं सकता है। इस दौरान सुनील तोमर, अमित सिंघल, सुनील नौटियाल, मुकेश शर्मा, उषा रानी वर्मा, रजनी धीमान, सुनीता देवी, मनजीत कौर, आशा रानी, अमोद शर्मा, वीर सिंह, मोहन खत्री आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जोशीमठ आपदा को गलत ढंग से पेश कर रहा विपक्षः सीएम

देहरादून। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में जोशीमठ से लेकर कश्मीर तक कि नीतियों पर चर्चा की गई। प्रदेश सरकार और संगठन के आला पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। सोमवार सुबह सवा दस बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बैठक में शिरकत करने रायवाला पहुंचे। उन्होंने कहा कि जोशीमठ आपदा पर सरकार के कार्यों को संगठन ने भी सराहा है। विभिन्न समितियों की रिपोर्ट मिलने के बाद जोशीमठ मुद्दे पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जोशीमठ आध्यात्मिक और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। सरकार हर हाल में बेहतर समाधान देने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि देश के भीतर दो प्रधान, दो संविधान और दो निशान देने का कुत्सित कार्य विपक्ष ने किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर की शांति व्यवस्था कांग्रेस अपनी हाल की यात्रा में भी देख चुकी है। पार्टी के सुझाव हमें ऊर्जा देने वाले हैं, हमारे अंदर उत्साह भरने वाले हैं। चारधाम यात्रा सहज और सुरक्षित होगी। बदरीनाथ धाम और औली जाने के मार्ग खुले हुए हैं। विपक्ष ने भारत जोड़ो यात्रा में जोशीमठ त्रासदी को गलत ढंग से पेश किया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, सहप्रभारी रेखा वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, नरेश बंसल, डॉ. कल्पना सैनी, सांसद टिहरी राज्य लक्ष्मी शाह, मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सतपाल महाराज, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, अजय टम्टा, बृजभूषण गैरोला, मदन कौशिक, धन सिंह रावत, सुनील गामा, अनिता ममगाईं, मधु चौहान, दीप्ति रावत, कविता शाह, दीपक बिष्ट, कर्नल अजय कोठियाल, शमशेर पुंडीर, रविन्द्र राणा, महावीर पंवार, सतेंद्र राणा, रमेश मैखुरी, राजेश नौटियाल, मीता सिंह, सिद्धार्थ अग्रवाल, संदीप गोयल, शोभाराम प्रजापति, सुषमा रावत, वीरेंद्र रावत,गिरीश जोशी, इंद्र सिंह फस्वाण, लीला बिष्ट, रमेश बहुगुणा, निर्मल मेहरा, प्रताप बिष्ट,गुंजन सुखीजा, कमल जिंदल, दिव्या बेलवाल, रीना रांगड़, मनोज ध्यानी, विपिन कैंथोला, नेहा जोशी, देवयानी बिष्ट, गजराज बिष्ट, मनोज जखमोला, शशांक रावत, शिवकुमार गौतम,पंकज शर्मा, रजनीश शर्मा, दिनेश पयाल, मनवीर चौहान, नीलम काला, राजेश जुगलान,दिनेश सती आदि उपस्थित रहे।

### स्वरूप बदले बगैर बचाएंगे जोशीमठः पुष्कर धामी

देहरादून। जोशीमठ आपदा भाजपा की कार्यसमिति में सबसे बड़ा मुद्दा रहा। मुख्यमंत्री ने जोशीमठ को पौराणिक शहर बताते हुए कहा कि यह पर्यटन और संस्कृति का केंद्र भी है। सामरिक दृष्टि से जोशीमठ की अहमियत ज्यादा है। लिहाजा, सरकार जोशीमठ को बचाने के लिए हर मुमकीन प्रयास कर रही है। मौजूदा वक्त में 70 फीसदी जनजीवन वहां सामान्य स्थिति में है। सीएम ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि जोशीमठ न सिर्फ बचे, बल्कि उसका पुराना स्वरूप भी बरकरार रहे। आपदा को लेकर क्षेत्र में काम करने वाली आठ विशेषज्ञ समितियों की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट मिलने के साथ ही पुर्नवास की दिशा में प्रभावी कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह भी कहा कि कुछ लोगों ने विकास के एजेंडे और अन्य मामलों को लेकर एक अलग ही परिदृश्य बनाने का काम किया है, जोकि राज्यहित में नहीं है। चारधाम यात्रा होने वाली है और जोशीमठ के नजदीक ही औली में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता होनी है। ऐसे में देश-दुनिया के लोगों के मन मे शंका हो रही है। जबकि, आसपास जाने वाले मार्ग सुरक्षित हैं और यहीं से गुजरने वाला बदरीनाथ मार्ग भी खुला है। सरकार सुगम और सुरक्षित यात्रा को लेकर कटिबद्ध है। सीएम ने कहा कि यह वक्त जोशीमठ पर राजनीति का नहीं है। इस समय राज्य को आगे बढ़ाने और जोशीमठ को मदद की जरूरत है, जिसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आपदा में सरकार के साथ ही संगठन के काम को भी सराहा।

### मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड पर 70 विधानसभाओं में होगा आयोजन

देहरादून। भाजपा ने कार्यसमिति में भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उन्हें फाइनल किया। इस दौरान तय हुआ कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड पर राज्य की 70 विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक विधानसभा में एक बूथ पर कार्यक्रम होगा, जिसमें 100 कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने बताया कि केंद्र सरकार के फरवरी में आने वाले बजट के लाभकारी विषयों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश और जिलास्तर पर कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ ही गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को बजट के लाभ से अवगत कराएगी। ऐसा ही कार्यक्रम राज्य सरकार का बजट आने पर भी प्रदेश में होगा। बताया कि जी-20 सरकारी कार्यक्रम है, जोकि राज्य में दो स्थानों पर प्रस्तााावित है। इसमें विश्व की अर्थव्यस्था को संचालित करने वाले देशों के प्रतिनिधि आएंगे। पार्टी भी राज्य की संस्कृति और विरासत से उन्हें अवगत कराने को कार्यक्रम आयोजित करेगी। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मेहंदी प्रतियोगिताओं से अवगत कराएंगी। पार्टी का फोकस होगा कि किसी तरह यह संदेश जाए कि पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भट्ट ने बताया कि डाटा प्रबंधन के तहत भाजपा घर-घर लोगों को सरल एप से जोड़ेंगे। इसमें चाहे कोई पार्टी की विचाराधारा से जुड़ा हो या नहीं। सभी को इससे जोड़ा जाएगा, जिससे की पीएम और सीएम से लेकर अन्य पार्टी के सभी सरकार में नुमाईंदों तक लोगों की बात पहुंच सके। इसके लिए एप तैयार किया जाएगा। बताया कि युवा मोर्चा की ओर से जल्द ही राज्य में सभी इलाकों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### चकराता की ऊंची चोटियां बर्फ से लकदक, पारा गिरा

विकासनगर। चकराता की ऊंची पहाडियों पर देर रात सीजन की चौथी बर्फबारी हुई। इससे पूरे क्षेत्र में एक बार फिर पर्यटकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। हालांकि चकराता बाजार में बर्फबारी नहीं होने से स्थानीय व्यापारी मायूस नजर आए। पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में चटक धूप खिली थी। इससे लोगों को ठंड से कुछ निजात मिली हुई थी लेकिन रविवार शाम हुई बर्फबारी से पूरा क्षेत्र सर्दी की चपेट में है। रविवार को पूरा दिन आसमान में घने बादल छाए रहे, लेकिन शाम छह बजे से शुरू हुई। बारिश के बाद ऊंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू हुई, जो रुक रुक कर सुबह तक चलती रही। वहीं चकराता बाजार में हल्की बर्फ की फुहारें पड़ी, जो सुबह होते ही पिघल गयी। क्षेत्र की ऊंची चोटियों देवबन, लोखंडी, लोहारी, जाड़ी, खडंबा, व्यास शिखर, मुंडाली, चोरानी, कथियान, मोयला टॉप, आदि जगहों पर एक से डेढ़ फीट तक बर्फबारी हुई है। चकराता छावनी और उससे निचले इलाकों में कम बर्फ पडऩे से लोग निराश नजर आ रहे हैं। उधर बर्फबारी के चलते पूरा क्षेत्र कड़ाके की सर्दी की चपेट में है। सोमवार को चकराता का अधिकतम पारा भी गिरकर चार डिग्री पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री दर्ज किया गया।

# धारा 370 हटाने से राहुल गांधी की यात्रा का शांतिपूर्ण समापन : सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने से पूरे देश में एक सुखद संदेश गया और उन दलों को भी करारा जवाब मिला जो अक्सर यह कहते सुने जाते थे कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि धारा 370 हटने से जो वातावरण बना उससे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गयी। धामी ने कटाक्ष किया कि जिनकी सरकारों में संगीनों के साये में तिरंगा फहराया जाता था, वहां आज सकुशलता से यात्रा और सार्वजनिक राजनैतिक कार्यक्रम आयोजित और सम्पन्न हो रहे हैं ।




भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति में सीएम ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की प्रदेश में संचालित योजनाओं की समीक्षा से आये सुझावों को शासन स्तर पर अमल में लाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि कार्यसमिति में राज्य एवं केंद्र की विकास व जन कल्याण योजनाओं विशेषकर महिला आरक्षण कानून एवं सख्त धर्मांतरण कानून पर सरकार का आभार व्यक्त किया गया। कार्यसमिति में विभिन्न विषयगत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें प्रमुखता से मन की बात कार्यक्रम को लेकर लक्ष्य तय किये गए । प्रदेश से बूथ स्तर तक सभी पदाधिकारियों के लिए अनिवार्य रूप से इस कार्यक्रम में सहभागिता करने एवं प्रत्येक विधानसभा में 100 बूथों पर न्यूनतम 100 की जनसंख्या वाले कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । इसके अतिरिक्त राज्य एवं केंद्र सरकार के बजट को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश की चार सदस्यीय टीम गठित की गई है। जी-20 के आयोजन को शानदार बनाने व स्थानीय संस्कृति, अध्यात्म एवं परंपराओं को शामिल करने लिए भी प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया।

डाटा प्रबंधन की दृष्टि से सभी पदाधिकारियों एवं समस्त कार्यकर्ताओं को सरल एप के माध्यम से जोडने का लक्ष्य दिया गया है। प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कार्यसमिति में मौजूद सभी पदाधिकारियों से बैठक के राजनैतिक प्रस्ताव एवं संगठन के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रदेश सह प्रभारी व पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कोरोना में राज्य एवं केंद्र सरकार के कामों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने बताया कि आगामी 10 तारीख तक सभी जनपदों की कार्यसमिति एवं 20 तक सभी मंडलों की कार्यसमिति का गठन किया जाना तय हुआ है।

प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने जोशीमठ आपदा के लिए बनाई पार्टी की 14 सदस्यीय समिति की रिपोर्ट पेश करते हुए आवश्यक सुझाव कार्यसमिति में रखे। इसके अलावा युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्षों द्वारा विस्तार से अब तक के कामों का लेखा जोखा देते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

कार्यसमिति में पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट,आदित्य कोठारी, खिलेन्द्र चौधरी, प्रदेश कार्यालय सचिव कौस्तुभानंद जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, ज्योति गैरोला, आशा नौटियाल, शशांक रावत, राकेश राणा, रविन्द्र राणा,मनोज ध्यानी समेत प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला सह प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, स्थायी आमंत्रित सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य समेत प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने सहभागिता की।

# गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर उत्तराखंड की झांकी ने प्रथम स्थान पाकर बनाया इतिहास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। गणतंत्र दिवस परेड को अभी तक राजपथ के नाम से जाना जाता था, किंतु इस वर्ष उसका नाम बदलकर कर्तव्य पथ रखा गया है। नाम बदलने के बाद कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की यह पहली परेड थी, जिसमे उत्तराखंड की झांकी मानसखंड को देश में प्रथम स्थान मिलने से इतिहास में उत्तराखंड राज्य का नाम दर्ज हो गया है।




**सीएम ने दी बधाई, हम सभी के लिए गौरव का पल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हम सबके लिए गौरवशाली पल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में गढ़वाल का केदारखंड और कुमाऊं का मानसखंड के रूप में वर्णन किया गया है। स्कंदपुराण में मानसखंड के बारे में बताया गया है। जागेश्वर मंदिर की बहुत धार्मिक मान्यता है। प्रधानमंत्री जी ने हमेशा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने की बात कही है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सांस्कृतिक नवजागरण में उत्तराखंड सरकार भी काम कर रही है। मानसखंड मंदिर माला मिशन योजना भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। ₹मानसखण्ड₹ मंदिर माला मिशन के तहत चार धाम की तर्ज पर कुमाऊं क्षेत्र के पौराणिक मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है।

**झांकी का विषय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुझाया था**

भारत सरकार को भेजे गए झांकी का विषय/टाइटिल ₹मानसखंड₹मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुझाया था। उन्होंने मंदिर माला मिशन के अंतर्गत मानसखंड के रूप में इस विषय का सुझाव दिया था।

गणतंत्र दिवस से पहले मुख्यमंत्री ने दिल्ली जाकर खुद किया था झांकी का निरीक्षण

झांकी निर्माण की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब दिल्ली कैंट में झांकी का निर्माण किया जा रहा था तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने झांकी का निरीक्षण करते हुए झांकी को उत्कृष्ट एवं राज्य की संस्कृति के अनुरूप निर्माण के लिये सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक/ नोडल अधिकारी के एस चौहान को निर्देश दिए थे तथा झांकी के कलाकारों से मिलकर उनको शुभकामनाएं भी दी थी

**दिन रात की जाती है कलाकारों द्वारा मेहनत**

झांकी के निर्माण तथा झांकी में सम्मिलित कलाकार दिन रात मेहनत करते है। झांकी निर्माण का कार्य 31 दिसंबर को प्रारंभ किया गया था, जिसको सुबह 4 बजे से रात 12 बजे तक किया जाता है। साथ ही झांकी में सम्मिलित कलाकारों को टीम लीडर के साथ कड़ाके की सर्दी में कर्तव्य पथ रिहर्सल के लिए 4 बजे जाना पड़ता है।

**ऐसे होता है झांकी का अंतिम चयन**

सितंबर माह में भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों एवं मंत्रालयों से प्रस्ताव मांगे जाते हैं।अक्टूबर तक राज्य सरकारें विषय का चयन कर प्रस्ताव भारत सरकार को भेजती है।उसके बाद भारत सरकार प्रस्तुतिकरण के किये आमंत्रित करती है। पहले बार की मीटिंग में विषय के आधार चार्ट पेपर में डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करना होता है। आवश्यक संशोधन करते हुए तीन बैठके डिजाइन निर्माण के सन्दर्भ में होती है जिन प्रदेशों के डिजाइन कमेटी को सही नही लगते हैं उनको शार्टलिस्ट कर देती है। उसके बाद झांकी का मॉडल बनाया जाता है। मॉडल के बाद थीम सॉंग 50 सेकंड का जो उस प्रदेश की संस्कृति को प्रदर्शित करता हो तैयार किया जाता है। इस प्रकार जब सभी स्तर से भारत सरकार की विशेषज्ञ समिति संतुष्ट हो जाती है तब झांकी का अंतिम चयन किया जाता है।

**मानसखंड की झांकी में क्या था खास जो प्रथम स्थान प्राप्त किया!**

गढ़वाल की चारधाम यात्रा की भांति सरकार कुमाऊं में मंदिर माला मिशन के अंतर्गत पर्यटन बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं इसी के दृष्टिगत प्रसिद्ध पौराणिक जागेश्वर धाम को दिखाया गया था। उत्तराखंड का प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क, बारहसिंगा, उत्तराखंड का राज्य पशु कस्तूरी मृग, गोरल, देश की राष्ट्रीय पक्षी मोर जो उधमसिंह नगर में पाई जाती है, उत्तराखंड के प्रसिद्ध पक्षी घुघुती, तीतर, चकोर, मोनाल आदि, तथा उत्तराखंड की प्रसिद्ध ऐपन कला को प्रदर्शित किया गया था। झांकी के आगे और पीछे उत्तराखंड का नाम भी ऐपन कला से लिखा गया था।

जागेश्वर धाम के मंदिर घनघोर देवदार के वृक्षों के बीच में है। इसलिए झांकी में मंदिर के आगे और पीछे घनघोर देवदार के वृक्षो का सीन तैयार किया गया था।

**2025 तक उत्तराखंड देश का सर्वोच्च राज्य :** प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यह दशक उत्तराखंड का है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी दृष्टि से गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखंड की झांकी को देश में प्रथम स्थान पर आना उनके विजन को दर्शाता है।

मंदिर माला मिशन से वाकिफ होंगे देश विदेश के पर्यटक,क्षेत्र में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

मानसखंड की झांकी को देश मे प्रथम स्थान प्राप्त होने से कुमाऊं क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे क्योंकि देश विदेश के पर्यटको को मंदिर माला मिशन की जानकारी होने से वह कुमाऊं की ओर रुख करेंगे। इसलिए गढ़वाल मंडल के साथ अब कुमाऊं मंडल में भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**झांकी में इन कलाकारों ने निभाई थी अहम भूमिका**

टीम लीडर संयुक निदेशक के एस चौहान के नेतृत्व में झांकी में उत्तराखंड की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए उत्तराखंड का प्रसिद्ध छोलिया नृत्य करने में पिथौरागढ़ के भीम राम के दल के 16 कलाकारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। उत्तराखंड को देवभूमि के साथ ही योग भूमि भी कहा जाता है। झांकी के ऊपर योग करते हुए बारु सिंह और अनिल सिंह ने योग करते हुए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**झांकी का थीम सांग :** झांकी का थीम सांग ₹जय हो कुमाऊं, जय हो गड़वाला₹ को पिथौरागढ़ के प्रसिद्ध जनकवि जनार्दन उप्रेती ने लिखा था तथा उसको सौरभ मैठाणी और साथियों ने सुर दिया था। इस थीम गीत के निर्माता पहाड़ी दगडिया, देहरादून थे।

**सोशल मीडिया में करोड़ो लोगों ने देखी उत्तराखंड की झांकी**

सोशल मीडिया के माध्यम से गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखंड की झांकी मानसखंड को देश विदेश में करोड़ो लोगों ने देखा।

**क्या है मानसखंड मन्दिर माला मिशन ?**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर केदारनाथ और बद्रीनाथ की भांति ही कुमाऊं के प्रमुख पौराणिक महत्व के मंदिर क्षेत्रो में अवस्थापनात्मक विकास के लिए मानसखंड मन्दिर माला मिशन योजना पर काम किया जा रहा है। इन्हें बेहतर सडक़ों से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही इस योजना के ज़रिए गढ़वाल और कुमाऊं के बीच सडक़ कनेक्टिविटी को भी सुधारा जाएगा, ताकि उत्तराखण्ड में गढ़वाल और कुमाऊं के बीच यातायात सुगम हो।

मानसखंड कॉरिडोर को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि सरकार विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मानसखंड कॉरिडोर पर काम कर रही है। सरकार का प्रयास है कि विभिन्न धार्मिक सर्किटों का विकास किया जाए। उन्होंने कहा इसके तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले मुख्य मंदिरों को आपस में जोड़ेंगे एवं सर्किट के रूप में विकसित करके धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

**इन प्रमुख मंदिरों का होगा विकास**

मुख्यमंत्री धामी के विजन के अनुसार पहले चरण में करीब 2 दर्जन से अधिक मंदिरों को इसमें शामिल किया गया है। इनमें जागेश्वर महादेव, चितई गोलज्यू मंदिर, सूर्यदेव मंदिर, नंदादेवी मंदिर कसारदेवी मंदिर, झांकर सैम मंदिर पाताल भुवनेश्वर, हाटकालिका मंदिर, मोस्टमाणु मंदिर, बेरीनाग मंदिर, मलेनाथ मंदिर, थालकेदार मंदिर, बागनाथ महादेव, बैजनाथ मंदिर, कोट भ्रामरी मंदिर, पाताल रुद्रेश्वर गुफा, गोल्ज्यू मंदिर, निकट गोरलचौड मैदान, पूर्णागिरी मंदिर, वारही देवी मंदिर देवीधुरा, रीठा मीठा साहिब, नैनादेवी मंदिर, गर्जियादेवी मंदिर, कैंचीधाम, चैती (बाल सुंदरी) मंदिर, अटरिया देवी मंदिर व नानकमत्ता साहिब प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीएम से लगाई मानदेय दिलाने की गुहार

विकासनगर। तहसील क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली एक संस्था के खिलाफ युवाओं ने तहसील प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की है। तहसील मुख्यालय पहुंचे युवाओं ने बताया कि संस्था की ओर से 75 युवाओं को बतौर शिक्षक नियुक्त किया गया था। दावा किया था कि एक साल तक उन्होंने अपनी सेवाएं दी, लेकिन उन्हें मानदेय नहीं दिया गया। अब संस्था के पदाधिकारी भी क्षेत्र से गायब हो चुके हैं। युवाओं ने एसडीएम को बताया कि कुछ समय पहले एक संस्था ने पछुवादून क्षेत्र में गरीब नौनिहालों को पढ़ाने के लिए 75 शिक्षकों की तैनाती की। इन शिक्षकों को बस्तियों में जाकर बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई। इसके लिए बच्चों से भी एक हजार रुपये बतौर शुल्क लिए गए जिसे एक एक साल बाद वापस किया जाना था। लेकिन संस्था की ओर से बच्चों का शुल्क भी वापस नहीं किया गया। किसी भी शिक्षक को मानदेय भी नहीं दिया गया। मानदेय दिए जाने और बच्चों से लिया गया शुल्क वापस करने जब संस्था के प्रबंधन से बात की गई तो कुछ समय बाद प्रबंधन से जुड़े अधिकारी ही क्षेत्र से नदारद हो गए। अब शिक्षक अपने मानदेय के लिए और अभिभावक अपने बच्चों का शुल्क वापस लेने के लिए भटक रहे हैं। बताया कि दूरभाष पर संपर्क करने की भी कोशिश की जा रही है, लेकिन संस्था के किसी भी पदाधिकारी से संपर्क नहीं हो रहा है। शिकायकर्ताओं ने दावा किया कि संस्था के निदेशक सेलाकुई क्षेत्र में एक निजी शिक्षण संस्थान चलाते हैं। पांच माह पूर्व उन्हें इस संबंध में ज्ञापन भी दिया गया था। उसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ। युवाओं ने एसडीएम से उनका मानदेय दिलाए जाने की गुहार लगाई। ज्ञापन सौंपने वालों में सुदेश कुमार, मीनाक्षी, सपना चौहान, सुजाता रावत, रोशनी चौहान, रीता, वर्षा, दिव्या पंवार आदि शामिल रहे।

### स्कूली बच्चों को दी गई शिक्षण सामग्री

पिथौरागढ़। सामाजिक सरोकारों से जुड़े जुगल किशोर पाण्डे कि पहल पर नेपाल सीमा से लगे प्राथमिक विद्यालय गैरसेल में आयोजित कार्यक्रम में 115 बच्चों को शिक्षण सामग्री दी गई। समाजसेवी केडी जोशी, वनक्षेत्राधिकारी दिनेश चन्द्र जोशी के सहयोग से सामग्री बांटी गई। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकत्रा सामंत ने इस आयोजन के लिए जंगल किशोर पाण्डे के प्रयासों सराहना की। यहां गौरव विष्ट, जगदीश बिष्ट, भीम सिंह सांगत मरियम दल उमादेवी, अजीत दल, माहेश्वरी पुजारा, गीता आर्या भागीरथी सामंत, उमा सुतेडी, राधा देवी,मोहन चंद, अर्जुन सिंह सामंत, कल्याण सिंह सामंत भगवान सिंह सामंत, गिरीश बिष्ट, मंजू देवी, रेल कुमारी मौजूद रहे।

### आज शुरू होगी राज्य स्तरीय अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता

पिथौरागढ़। सीमांत में राज्य स्तरीय अंडर-19 बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का आज से आगाज होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 11 टीमों के खिलाड़ी अपने हुनर दिखाएंगे। मुकाबले नॉक आउट आधार पर खेले जाएंगे। सोमवार को प्रभारी क्रीड़ाधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि नगर के सुरेंद्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता के मुकाबले खेले जाएंगे। इसके लिए खेल विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। कहा प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक मयूख महर करेंगे। पिथौरागढ़ व जोहार क्लब मुनस्यारी सहित चम्पावत, बागेश्वर, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, नैनीताल, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी की कुल 11 टीमें हिस्सा लेंगी। पांच टीमें यहां पहुंच गई हैं, शेष टीमों के खिलाड़ी आज यानि मंगलवार को पहुंचेगे। पहले दिन ऊधमसिंह नगर-बागेश्वर, चम्पावत-हरिद्वार व अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ के बीच मुकाबले खेले जाएंगे।

### भारत जोड़ो यात्रा ने देश में शांति, अमन, प्रेम का संदेश दिया : लक्ष्मी अग्रवाल

विकासनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पुण्य तिथि पर पछुवादून कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो यात्रा का समापन कर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर तिलक भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सोमवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे देश में शांति, अमन और प्रेम का संदेश दिया है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा के दौरान पूरे देश के नागरिकों को एक माला में पिरोने का काम किया गया। कहा कि श्रीनगर के लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश की एकता और अखंडता का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि कुछ फिरका परस्त लोग देश का सांप्रदायिक माहौल बिगाडने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस ऐसे लोगों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। भारत की संस्कृति प्राचीन काल से ही वसुधैव कुटुंबकम की रही है। कांग्रेस ने भी इसी के तहत देश की जनता को एकता के सूत्र में जोड़े रखने का काम किया। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल रहे संजय जैन ने कहा कि दक्षिण भारत से उत्तर भारत, मध्य भारत जहां से भी यात्रा गुजरी हर जगह जनता में आशा और उम्मीद दिखाई दी। कहा कि इस पूरी यात्रा के दौरान सिर्फ यही संदेश दिया गया कि आपसी नफरत छोड़ो और दिल से दिल को जोड़ो। उन्होंने कहा कि यात्रा में देश भर के हर वर्ग के लोगों ने शिरकत की। अब हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से लोगों को भाजपा सरकार की नाकामियां बताई जाएंगी। इस दौरान कांग्रेस जिला महासचिव राजीव शर्मा, विकास शर्मा, कितेश जायसवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, अभिनव ठाकुर, शशि चौहान, रेशमा अंसारी, अनुपम कपिल, जावेद खान, विनय जयसवाल, धीरेंद्र तडियाल, हसनदीन आदि मौजूद रहे।

### ग्राम समाज की सरकारी जमीन के तबादलों को निरस्त कराने की मांग की

विकासनगर। एकता एंटी क्रप्शन के राष्ट्रीय महामंत्री और पूर्व दर्जाधारी ने जिलाधिकारी देहरादून को एक शिकायती पत्र सौंपा। शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि सेंट्रल होपटाउन सेलाकुई में पूर्व में प्रधानों ने ग्राम समाज की एक सौ बीघा से अधिक जमानों का मनमाने तरीके से सौदा कर तबादला कर दिया। जबकि बदले में ग्राम समाज की जमीन को कहीं अन्यत्र कोई जमीन नहीं दी गयी है। ग्राम समाज की जमीनों के तबादलों को स्थगित कर ग्राम समाज व जमीन वापस दिलाने की मांग की है। एकता एंटी क्रप्शन के राष्ट्रीय महामंत्री और पूर्व दर्जाधारी आकिल अहमद ने जिलाधिकारी देहरादून को एक शिकायती पत्र सौंपा। इसमें आरोप लगाया कि पूर्व में कुछ प्रधानों ने ग्राम समाज की जमीन से करीब एक सौ बीघा जमीन का मनमाने तरीके से सौदाकर जमीनों को अपने चेहतों में बांटकर उनके खसरा संख्या आदि का तबादला कर दिया गया। जिससे राज्य सरकार व सेंट्रल होपटाउन ग्राम पंचायत अब नगर पंचायत सेलाकुई को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बताया कि ग्राम समाज की जमीन का चहेतों के नाम पर तबादले तो कर दिए गये। लेकिन उसके बदले में ग्राम समाज को कोई जमीन नहीं लौटाई गयी है। आकिल अहमद ने जिलाधिकारी से ग्राम समाज की जमीन के किये गये तबादलों की जांच कर तबादले निरस्त कर बांटी गयी ग्राम समाज की जमीन को वापस ग्राम समाज को दिलाने की मांग की है।

# डीएम अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित, 79 शिकायतें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। जनसुनवाई में आज 79 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर मामले भूमि से संबंधित प्राप्त हुए इसके अतिरिक्त पेंशन, सडक़, आपदा, कोविड के दौरान राशन का भुगतान, शस्त्र लाइसेंस, गुमशुदा की तलाश करवाने, रास्ते पर गैराज बनाने, खोए हुए फोन को वापस दिलाने, जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच कराने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई के दौरान आज धर्मपुर निवासी फरयादी परीक्षा ने भूमि पर कब्जा दिलाए जाने पर जिलाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि उनके परिजनों द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। जिस पर मा0 न्यायालय के आदेश के उपरान्त भी परिजन कब्जा नहीं दे रहे थे। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने कार्यवाही के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा उन्हें उनकी भूमि पर कब्जा दिलाया गया जिस पर उन्होंने जिलाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



प्राप्त शिकायतों में सेन्ट्रल होपटाउन में भूमि के सीमाकंन पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन की कोर्ट से जांच होने तक स्टे के क्रम में शीघ्र जांच कराने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी विकासनगर को आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार रास्ते पर गैराज बनाने की शिकायत पर नगर मजिस्ट्रेट एवं एमडीडीए के अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। ऋषिकेश क्षेत्र में वर्ष 1994 में परिवार नियोजन पर दिए गए पट्टे पर कब्जा दिलाने की मांग/शिकायत पर उपजिलाधिकारी ऋषिकेश को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। माजरी माफी मोहकमपुर में अनाधिकृत निर्माण की जांच कराने की शिकायत पर एमडीडीए को कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसील त्यूनी अन्तर्गत पीएमजीएसवाई निर्माणखण्ड कालसी द्वारा त्यूनी चांदनी डेरसा मोटरमार्ग के निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एसडीएम चकराता एवं अधि0 अभि0 पीएमजीएसवाई को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार नकरोंदा में भूमाफियाओं द्वारा अवैध प्लॉटिंग एवं बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण कार्य किए जाने की शिकायतों पर उप जिलाधिकारी सदर एवं एमडीडीए के अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सैंज-अटाल में जल जीवन मिशन के कार्यों में अनियमितता किए जाने की शिकायतों पर उपजिलाधिकारी चकराता एवं अधि0 अभि0 जल संस्थान को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस.के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम जगदीश लाल, नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चैहान, उप जिलाधिकारी नरेश चन्द दुर्गापाल, विशेष भूमि अध्यापति अधिकारी के.एस नेगी, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आरसी तिवारी, तहसीलदार सदर सोहन सिंह रागंड, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द पाण्डेय सहित जल संस्थान, विद्युत, पेयजल निगम, सिंचाई, लोनिवि, स्वास्थ्य, राजस्व विभागों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी चकराता, विकासनगर, डोईवाला एवं ऋषिकेश वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने किया बापू को याद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को 75वें शहादत दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेसजनों ने याद किया। इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वैश्विक व राष्ट्रीय स्तर पर रंगभेद, नस्लभेद व असमानता के विरुद्ध जन-जन की ध्वनि थे। सत्य और अहिंसा के पुजारी के रूप में दुनिया उन्हें जानती थी।



हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उन्हें नमन करते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की आजादी में अहम योगदान देते हुए 1947 में भारत की आजादी तक स्वतंत्रता के आंदोलन को अपने मुकाम पर पहुंचाया। इससे पहले 1920 में असहयोग आंदोलन और 1930 में दांडी मार्च यात्रा करके विश्व जगत में भारत का नाम रोशन किया। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट और शहर अध्यक्ष देवेंद्र नौटियाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन की यात्रा गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान से शुरू करते हुए देश-विदेशों में अहिंसा का पैगाम दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सामाजिक, राजनीतिक व आध्यात्मिक नेता के रूप में देश-विदेशों में जाने गए। इस मौके पर कांग्रेस के प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र नौटियाल, प्रदेश कांग्रेस के सचिव कुलदीप सिंह पवार, जिला उपाध्यक्ष मुर्तजा बेग, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार, एनएसयूआई के हिमांशु रावत, गिरवीर सिंह रावत, मधुसूदन पंवार, नैन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# फिर चर्चा में वन निगम.. एमडी ने किए अफसरों के तबादले, अध्यक्ष ने निरस्त कराए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। विवादों में रहने वाले वन निगम में तबादले का एक आदेश फिर चर्चा में हैं। प्रभारी एमडी ने क्षेत्रीय प्रबंधक और छह प्रमुख डीएलएम के तबादले कर दिए, लेकिन अध्यक्ष ने 24 घंटे के भीतर तबादलों को निरस्त करा दिया। अब दोबारा संशोधन के साथ तबादला सूची जारी होगी। वन निगम के प्रभारी एमडी केएम राव ने 27 जनवरी को डीएलएम रामनगर शेर सिंह को प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक गढ़वाल के पद पर तैनाती के आदेश किए। इस पद पर आईएफएस आकाश वर्मा अभी तक कार्यरत थे। पिछले दिनों जाखन नदी में खनन कांटे के टेंडर में अनियमितता की शिकायत के बाद अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी ने एमडी को उन्हें हटाने के निर्देश दिए थे। वहीं प्रभारी एमडी ने 27 जनवरी को ही डीएलएम खनन रामनगर धीरेंद्र बिष्ट, डीएलएम लौगिंग अल्मोड़ा रामकुमार, डीएलएम खनन हरिद्वार सत्यपाल रावत, डीएलएम लौगिंग चकराता प्रमोद कुमार, डीएलएम लौगिंग टोंस विक्रम रावत और डीएलएम लौगिंग बागेश्वर ऊषा पुरी का भी तबादला कर दिया, लेकिन 28 जनवरी की शाम ये सभी तबादला आदेश अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी ने निरस्त करवा दिए।

बताया जा रहा है कि तीन फरवरी के बाद दोबारा आरएम और डीएलएम के संशोधित तबादला आदेश जारी किए जाएंगे। इसे लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों में रोष है। प्रभारी प्रबंध निदेशक केएम राव का कहना है कि तबादले किए गए थे, लेकिन उनमें कुछ संशोधन होने हैं। इसके चलते उन्हें अभी निरस्त कर दिया गया है। जल्द ही नए सिरे से लिस्ट बनाकर तबादले किए जाएंगे। वन निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी का कहना है कि प्रभारी एमडी ने आरएम और कुछ डीएलएम के तबादले किए थे, लेकिन मैंने वे निरस्त करवा दिए। अभी कुछ डीएलएम इसी माह रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में दोबारा तबादले करने पड़ते। ऐसे में सारी लिस्ट में बदलाव होते। उनके रिटायर होने पर तीन फरवरी के बाद दोबारा तबादले किए जाएंगे। कुछ बड़े पदों पर भी बदलाव हो सकता है।

आरएम और डीएलएम के पद होते हैं महत्वपूर्ण

वन निगम में आरएम और डीएलएम महत्वपूर्ण अधिकारी होते हैं। खनन और पेड़ कटान के कार्य की अहम जिम्मेदारी निभाते हैं। सूत्रों के अनुसार, वन निगम में करीब एक माह से छुट्टी चल रहे एमडी डा. कपिल जोशी को बदलने की भी तैयारी है। उनकी जगह केएम राव को नया एमडी बनाया जा सकता है।

# ओलंपिक की सफलता को विश्व कप में नहीं दोहरा सकी भारतीय टीम को आत्ममंथन की जरूरत

भुवनेश्वर, 30 जनवरी। तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद मिले कांस्य पदक से जगी उम्मीदें विश्व कप में एक बार फिर ध्वस्त हो गई और अपनी मेजबानी में भारतीय टीम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में भी नहीं पहुंच पाई । पांच दशक से विश्व कप में चला आ रहा इंतजार जारी रहा और अब पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले कोच, टीम प्रबंधन और हर खिलाड़ी को आत्ममंथन करना होगा । टीम के अभ्यास , विदेश दौरों और सहयोगी स्टाफ के वेतन पर करोड़ों रूपया खर्च किया गया है ।

भुवनेश्वर और राउरकेला में लंबी कतारों में खड़े होकर टिकट खरीदने वाले प्रशंसकों के साथ टीवी के आगे नजरें गड़ाये बैठे दर्शकों का दिल भी इस प्रदर्शन ने तोड़ा है । आठ बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम महज एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है । अब तक हुए 15 विश्व कप में भारत का यह पांचवां सबसे खराब प्रदर्शन था । भारत चार बार नौवें स्थान पर रहा है लेकिन इस बार टूर्नामेंट में 16 टीमें खेल रही थी।भारत 1986 में 12वें , 1990 में 10वें, 2002 में 10वें और 2006 में 11वें स्थान पर रहा था । इसके अलावा 1998 और 2014 में भी नौवें स्थान पर रहा । 2018 में भुवनेश्वर में टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी लेकिन इस बार तो उससे पहले ही बाहर हो गई ।




एक तरफ जर्मनी ने जहां दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की, वहीं भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रॉसओवर मैच में दो गोल से बढत बनाने के बाद हार गई । न्यूजीलैंड ने मैच को पेनल्टी शूटआउट में खिचा और जीत दर्ज की । भारत के प्रदर्शन की सबसे कमजोर कड़ी पेनल्टी कॉर्नर रहा । फॉरवर्ड पंक्ति मौके नहीं बना सकी और डिफेंस अस्त व्यस्त नजर आया । ग्रुप चरण में स्पेन को 2 . 0 से हराने के बाद भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला जिससे क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने की उसकी उम्मीदों पर पानी फिर गया । इसके बाद वेल्स जैसी कमजोर टीम के खिलाफ 4 . 2 से ही जीत दर्ज कर सकी ।

कोच ग्राहम रीड ने स्वीकार किया कि अपने मैदान पर विश्व कप खेलने का खिलाडियों पर अतिरिक्त दबाव था और टीम को मानसिक अनुकूलन कोच की जरूरत है । दूसरी ओर जर्मनी ने बेल्जियम का दबदबा तोडकर दो गोल से पिछडने के बाद पेनल्टी शूटआउट में फाइनल जीतकर दिखा दिया कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो दबाव के आगे घुटने नहीं टेकते । क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराने वाली जर्मन टीम ने तीसरी बार ( 2002 और 2006 के बाद ) विश्व कप जीतकर नीदरलैंड और आस्ट्रेलिया की बराबरी की । सबसे ज्यादा चार बार खिताब पाकिस्तान ने जीता है । आस्ट्रेलिया 1998 के बाद पहली बार बैरंग लौटा है ।

अगला विश्व कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में होगा और टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार दोनों टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं ।

इस विश्व कप में 44 मैचों में 249 गोल हुए जिनमें से 143 मैदानी गोल थे । ओडिशा सरकार ने दुनिया का सबसे बड़ा अत्याधुनिक बिरसा मुंडा स्टेडियम बनाया जिसमें 21000 दर्शक बैठ सकते हैं । पहली बार विश्व कप में खेलगांव बनाया गया । मेजबानी के स्तर पर मिली सफलता से हॉकी में दुनिया भर का ध्यान एक बार फिर ओडिशा ने खींचा ।

# नागपुर टेस्ट में खेल सकते हैं हैंड्सकोंब

सिडनी, 30 जनवरी। आस्ट्रेलियाई मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनल्ड ने संकेत दिया कि टीम नौ फरवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पीटर हैंड्सकोंब को शामिल करने पर विचार कर रही है।

कैमरन ग्रीन अगर श्रृंखला के लिये समय पर नहीं उबर पाते हैं तो आस्ट्रेलिया हैंड्सकोंब की स्पिन खेलने की काबिलियत को देखते हुए मध्यक्रम में उन्हें मैदान पर उतार सकता है। आल राउंडर ग्रीन ऊंगली में फ्रेक्चर से उबर रहे हैं जिनके साथ हैंड्सकोंब को भी टी म में चुना गया है।



मैकडोनल्ड ने कहा, वह वास्तव में काफी महत्वपूर्ण खिलाडी है। पिछले कुछ समय में यह साफ दिख चुका है कि वह स्पिन को बेहतर ढंग से खेलता है।

हैंड्सकोंब और ग्रीन चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले नॉर्थ सिडनी में बोन एंड्रयूज ओवल में स्पिन खेलने के लिये बनायी गयी पिच पर बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे हैं ताकि भारत में परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा सकें। इस सीरीज से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल क्वालीफिकेशन तय होगा।

हैंड्सकोंब 2017 में भारत के पिछले दौरे पर भी टीम के साथ थे, साथ ही वह टीम में विकेटकीपर का विकल्प भी मुहैया कराते हैं।

उन्होंने कहा, वह धीमी पिचों पर शॉल्ड क्रिकेट में काफी रन जुटा चुका है। वह विकेटकीपिंग भी कर लेता है, इसलिये इससे हमें जोश (इंग्लिस) के नहीं होने पर हर विकल्प मिलता है और अगर एलेक्स कैरी को कुछ भी होता है तो हमारे पास विकल्प है।

उन्होंने कहा, हमें उसमें दायें हाथ के बल्लेबाज का महत्वपूर्ण विकल्प मिलता है। हमारी टीम में काफी बायें हाथ के बल्लेबाज हैं इसलिये उन्हें शामिल करने का यह महत्वपूर्ण विकल्प है। अगर कैमरन ग्रीन पहले टेस्ट के लिये फिट नहीं हो पाते हैं तो हमें लगता है कि हमारे पास कुछ अच्छे विकल्प हैं।

## युजवेंद्र चहल ने मौका मिलते ही बना डाला ये रिकॉर्ड, सभी भारतीय खिलाडियों को छोड़ा पीछे

नईदिल्ली, 30 जनवरी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। इस मैच में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को खेलने का मौका मिला और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने टी20 क्रिकेट में यह कारनामा किया है। युजवेंद्र चहल ने दूसरे टी20 मैच में 2 ओवर गेंदबाजी की इनमें 4 रन खर्च किए और 1 विकेट भी लिया। वह इस विकेट को हासिल करते ही युजवेंद्र चहल टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले भुवनेश्वर कुमार और युजवेंद्र चहल दोनों बराबर चल रहे थे। दोनों के नाम टी20 इंटरनेशनल मैचों में कुल 90-90 विकेट थे। लेकिन रविवार को खेले गए मैच में युजवेंद्र चहल ने एक और विकेट हांसिल कर ये रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब उनके नाम कुल 91 विकेट हो गए हैं।

## गेंदबाजों के कमाल से भारत बना अंडर-19 महिला विश्व कप चैम्पियन

पोटचेफस्ट्रूम, 30 जनवरी। तेज गेंदबाज टिटास साधु के साथ स्पिनर अर्चना देवी और पार्श्वी चोपड़ा की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने पहले आईसीसी अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां इंग्लैंड को 36 गेंद बाकी रहते सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही महिला टीम ने किसी भी स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वैश्विक खिताब के सूखे को खत्म किया। सीनियर टीम सभी प्रारूपों में तीन मौकों पर विश्व कप के फाइनल में पहुंची है लेकिन हर बार खिताब से दूर रह गयी थी। भारत ने इंग्लैंड की पारी को 17.1 ओवर में महज 68 रन पर समेटने के बाद 14 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर शनिवार को अपना 19वां जन्मदिन मनाने वाली कप्तान शेफाली वर्मा को शानदार तोहफा दिया। भारत के लिए सौम्या तिवारी और जी तृषा ने 24-24 रन की पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

## ग्राहम अर्नाल्ड आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम के कोच फिर बने

सिडनी, 30 जनवरी। ग्राहम अर्नाल्ड एक बार फिर आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम के कोच बनाये गए हैं यानी वह लगातार दूसरे फीफा विश्व कप में टीम के साथ होंगे। आस्ट्रेलिया ने पेनल्टी शूटआउट में पेरू को हराकर दोहा में हुए विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था । आस्ट्रेलिया ने विश्व कप में दो ग्रुप मैच जीते और अंतिम 16 में अर्जेंटीना से हार गया । अर्नाल्ड का करार विश्व कप तक ही था लेकिन फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने सोमवार को उनका करार अगले साल तक बढाने का ऐलान किया । कोच ने एक बयान में कहा, मुझे आस्ट्रेलिया से प्यार है और टीम के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की ख्वाहिश है ।मैं चाहता हूं कि हम अपने प्रशंसकों को खुश होने के और कई मौके दें ।

## मध्यप्रदेश में शुरू होंगे खेलो इंडिया युवा खेल

भोपाल, 30 जनवरी। खेलो इंडिया युवा खेलों के पांचवें सत्र का सोमवार को शाम तात्या टोपे नगर स्टेडियम पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में उदघाटन करेंगे। ये खेल प्रदेश के आठ शहरों के 23 मैदानों पर आयोजित किये जायेंगे और इनमें 27 खेलों में 6000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे ।

पहली बार कयाकिंग, केनोइंग, केनोइ स्लालोम और तलवारबाजी जैसे खेल इन खेलों का हिस्सा होंगे । चौहान ने यहां पत्रकारों से कहा, खेलो इंडिया युवा खेलों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं । हिदुस्तान का दिल धडक़ा दो थीम पर अगले 13 दिन इन खेलों का आयोजन होगा ।

एक अधिकारी ने बताया कि शान, नीति मोहन, शिवमणि और अभिलिप्सा पांडा जैसे कलाकार इस मौके पर प्रस्तुति देंगे । खेल भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और खरगोन में आयोजित होंगे । साइकिलिंग की एक स्पर्धा दिल्ली में होगी ।

# अडानी ग्रुप ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का 413 पन्नों में दिया जवाब, आरोपों को बताया भारत पर हमला

नई दिल्ली 30 जनवरी, । अरबपति उद्यमी गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी समूह ने अमरीकी सट्टा बाजार कंपनी हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट का 413 पृष्ठों का कड़ा जवाब देते हुए कहा कि यह रिपोर्ट निहित उद्देश्यों से जारी की गई है और इसमें निराधार भ्रम फैलाया गया है। अडानी समूह ने कहा है कि हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट उसके शेयरधारकों और सार्वजनिक निवेश की लागत पर मुनाफा कमाने के लिए तैयार की गई है और यह पूरी से अस्पष्ट है।

अडानी समूह ने अपने जवाब के साथ प्रासंगिक दस्तावेज और संदर्भ भी प्रस्तुत किए है। समूह की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के अनुवर्ती शेयर निर्गम (एफपीओ) के समय विवाद उत्पन्न करने वाली हिंडेनबर्ग की इस रिपोर्ट के विस्तृत जवाब के संबंध में जारी एक मीडिया नोट में अडानी समूह ने कहा है कि अमरीकी कंपनी ने उसके संबंध में अपनी रिपोर्ट में भारत की न्यायपालिका और नियमकीय व्यवस्था को अपनी सुविधा के अनुसार नजरअंदाज किया है।



अडानी समूह ने जवाब में अपनी कम्पनियों में अपनाए जाने वाले संचालन के आदर्शों , प्रतिष्ठा , साख और पारदर्शी व्यवहार तथा वित्तीय परिचालन के परिणामों और उत्कृष्टता का जिक्र किया है। समूह ने कहा है कि यह रिपोर्ट न तो स्वतंत्र है और न ही तथ्यपरक है। इसे केवल एक तिकड़मभरा दस्तावेज कहा जा सकता है। जिसमें हितों का टकराव जगह जगह झलकता है। अडानी समूह ने कहा है कि इस रिपोर्ट का उद्देश्य लाभ काटने के लिए एक प्रतिभूतियों का छलावापूर्ण बाजार तैयार करना है जोकि भारतीय कानून के अनुसार शेयर बाजार की धोखाधड़ी है।

अडानी समूह ने कहा है कि हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट में 88 सवाल उठाए गए थे जिसमें से 68 के बारे में समूह की कम्पनियां ने अपनी वार्षिक रिपोर्टो , पेशकश के प्रस्तावों , वित्तीय विवरणों और शेयर बाजार को दी गई जानकारियों में उनका विवरण पहले ही प्रकाशित कर रखा है। बाकी 20 में से 16 सवाल सार्वजनिक शेयर धारकों और उनके धन के स्रोत के बारे में है। इनके अलावा बाकी चार सवाल निराधार आरोप के अलावा कुछ नहीं है।

अडानी समूह ने कहा है कि हिंडेनबर्ग ने यह सवाल इसलिए पैदा किए हैं कि ताकि वह अपने लक्षित व्यक्तियों का ध्यान भटका सके और अडानी समूह की प्रतिभूतियों के कारोबार में निवेशकों की लागत पर अपनी शार्ट पॉजीशन का फायदा उठा सके।

# रांची में पुलिस और नक्सलियों में जबरदस्त मुठभेड़, 100 राउंड से ज्यादा चली गोलियां

रांची 30 जनवरी, (आरएनएस)। रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस और प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के नक्सलियों के बीच एक और मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से 100 राउंड से भी ज्यादा फायरिंग हुई। पुलिस का कहना है कि तीन से चार नक्सली गोली लगने से घायल हुए हैं, लेकिन उनके साथी उन्हें लेकर जंगलों में भागने में सफल रहे।

चर्चा है कि इनमें से एक नक्सली की मौत हो गई है। पुलिस रविवार रात से ही सर्च ऑपरेशन चला रही है। इस दौरान 777 कारतूसों के जखीरे के अलावा सात वॉकी-टॉकी और कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

बताया गया कि रांची के एसएसपी को सूचना मिली कि हथियारबंद नक्सलियों का एक दस्ता इलाके के ईंट भ_ा व्यवसायियों से लेवी (रंगदारी) वसूलने के लिए सूमो जंगल में इक_ा हुआ है। इसपर डीएसपी अनिमेष नैथानी की अगुवाई में टीम गठित कर मौके पर भेजी गई।

जंगल में पुलिस टीम के दाखिल होते ही नक्सलियों ने जोरदार फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों के इस दस्ते को दस्ता टीएसपीएस के एरिया कमांडर दिनेश गंझू उर्फ तिवारी लीड कर रहा था। पुलिस



की फायरिंग में कुछ नक्सलियों के जख्मी होने के बाद पूरा दस्ता उसे लेकर जंगल का लाभ उठाकर भाग खड़ा हुआ।

बता दें कि इसके पहले बीते 23 जनवरी की रात बुढ़मू से सटे ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे पुलिस ने एक मुठभेड़ में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के एरिया कमांडर विशाल शर्मा को मार गिराया था। इस दौरान दोनों ओर से दर्जनों राउंड फायरिंग हुई थी।

# बजट सत्र से एक दिन पहले सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली 30 जनवरी। संसद के बजट सत्र से एक दिन पहले सरकार ने सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक आज दोपहर 12 बजे संसद भवन परिसर में होगी। इस बैठक में सरकार जहां बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों की कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग करने की अपील करेगी, वहीं विपक्षी दल बैठक में सरकार के सामने उन मुद्दों को रखेंगे, जिन पर वो सदन में चर्चा कराना चाहते हैं। सरकार की तरफ से बैठक के लिए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने लोक सभा और राज्य सभा, दोनों सदनों में सभी राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स को आमंत्रित किया है। बैठक के दौरान सरकार अपनी तरफ से सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों और अन्य सरकारी कामकाज का ब्यौरा भी सभी दलों को दे सकती है।

इस बार संसद का शीतकालीन सत्र मंगलवार, 31 जनवरी, से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन मंगलवार को 11 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के सेंट्रल हॉल में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया जाएगा। सत्र के दूसरे दिन, एक फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल का आखिरी



पूर्ण बजट पेश करेंगी।

यह बजट सत्र दो चरणों में होगा। सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा। सत्र के दौरान 14 फरवरी से लेकर 12 मार्च तक अवकाश रहेगा। बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च को शुरू होगा और इसके 6 अप्रैल तक चलने की संभावना है। बैठक के बाद भाजपा ने संसद सत्र की रणनीति तय करने के लिए अपने सहयोगी दलों (एनडीए) की भी अलग से बैठक बुलाई है।

# मस्जिद विस्फोट में 29 पुलिसकर्मियों की मौत, और बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

पेशावर 30 जनवरी,। पाकिस्तान के पेशावर शहर में सोमवार को एक मस्जिद में हुए विस्फोट में 29 पुलिसकर्मी मारे गए और 150 अन्य घायल हो गए। एक चश्मदीद ने कहा- नमाज के वक्त मस्जिद में 550 के करीब लोग मौजूद थे। पेशावर के आयुक्त रियाज महसूद ने हताहतों की पुष्टि करते हुए कहा कि शहर की पुलिस लाइंस में स्थित मस्जिद के अंदर बचाव अभियान चल रहा है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पूरे शहर के अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गई है और घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

इस बीच, लेडी रीडिंग अस्पताल के प्रवक्ता मोहम्मद आसिम ने बताया कि घायलों को अभी भी चिकित्सा सुविधा में लाया जा रहा है और उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। मस्जिद के अंदर पुलिस, सेना और बम निरोधक दस्ते के जवान फिलहाल मौजूद थे। इसमें कहा गया है कि धमाके से मस्जिद का एक हिस्सा ढह गया था और माना जा रहा है कि इसके नीचे कई लोग फंसे हुए हैं।

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट आत्मघाती बम विस्फोट के कारण हुआ था या यदि बम मस्जिद के अंदर लगाया गया था। अभी तक किसी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। एक बयान में, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विस्फोट की कड़ी निंदा की और कहा कि घटना के पीछे हमलावरों का 'इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं है।'

आतंकवादी उन लोगों को निशाना बनाकर



डर पैदा करना चाहते हैं जो पाकिस्तान की रक्षा करने का कर्तव्य निभाते हैं। आतंकवाद के खतरे के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। प्रीमियर ने यह भी कहा कि खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुकाबला करने के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई जाएगी और संघीय सरकार प्रांतों को उनकी आतंकवाद विरोधी क्षमता बढ़ाने में मदद करेगी। साथ ही हमले की निंदा करते हुए, विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि स्थानीय और आम चुनावों से पहले आतंकवादी घटनाएं सार्थक थीं।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने ट्विटर पर कहा, यह जरूरी है कि हम अपनी खुफिया जानकारी में सुधार करें और आतंकवाद के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए अपने पुलिस बलों को ठीक से सुसज्जित करें। हमले के मद्देनजर, इस्लामाबाद के महानिरीक्षक अकबर नासिर खान ने राजधानी में 'सुरक्षा हाई-अलर्ट' लगाने के निर्देश जारी किए।

राजधानी में पुलिस ने कहा कि शहर के सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और 'सुरक्षित शहर' प्रणाली के माध्यम से निगरानी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि स्नाइपर्स को 'महत्वपूर्ण बिंदुओं और इमारतों' पर रखा गया है और पुलिस को थर्मल इमेजिंग सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

4 मार्च, 2022 को पेशावर के कोचा रिसालदार इलाके में एक शिया मस्जिद के अंदर आत्मघाती बम विस्फोट के दौरान 63 लोग मारे गए और 196 अन्य घायल हो गए थे। इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह की खुरासान इकाई (आईएस-के) ने हमले की जिम्मेदारी ली थी।

# नाटो में शामिल होने के संबंध में फिनलैंड के अनुरोध पर अलग तरह से जवाब दे सकता है तुर्की : राष्ट्रपति एर्दोगन

अंकारा 30 जनवरी,। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने कहा है कि तुर्की नाटो में शामिल होने के संबंध में फिनलैंड के प्रयासों पर कुछ अलग तरीके से जवाब दे सकता है, जो स्वीडन को हैरान कर देगा। एर्दोगन ने रविवार को बिलेसिक के उत्तर-पश्चिमी प्रांत में एक बैठक में कहा, यदि आवश्यक हुआ तो तो हम फिनलैंड को अलग तरह से जवाब दे सकते हैं। जब हम फिनलैंड को अलग तरह से जवाब देंगे तो स्वीडन चौंक जाएगा। लेकिन फिनलैंड को वही गलती नहीं करनी चाहिए।

तुर्की ने प्रत्यर्पण के लिए स्वीडन को 120 आतंकवादियों की एक सूची सौंपी। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा, नाटो में शामिल होने के लिए नॉर्डिक देश को इन लोगों को प्रत्यर्पित करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार यह पहली बार है कि एर्दोगन ने संकेत दिया कि अंकारा एक अलग दृष्टिकोण के साथ स्वीडन और फिनलैंड की नाटो सदस्यता की पुष्टि का मूल्यांकन कर सकता है। स्वीडन में कुरान की प्रति जलाने के बाद तुर्की ने फरवरी में नाटो में शामिल होने के संबंध में स्वीडन और फिनलैंड के साथ प्रस्तावित त्रिपक्षीय बैठक स्थगित कर दी है।

स्वीडन और फिनलैंड ने मई 2022 में नाटो में शामिल होने के लिए अपने औपचारिक अनुरोध प्रस्तुत किया था, जिस पर इन देशों पर तुर्की विरोधी



कुर्द संगठनों और राजनीतिक असंतुष्टों के समर्थन का हवाला देते हुए नाटो सदस्य देश तुर्की ने आपत्ति जताई थी।

एक महीने बाद तुर्की, स्वीडन और फिनलैंड मैड्रिड, स्पेन में आयोजित नाटो शिखर सम्मेलन से पहले एक समझौते पर पहुंचे।

समझौते के तहत अंकारा फिनलैंड और स्वीडन के नाटो में शामिल होने के संबंध में अपना वीटो उठाने पर सहमत हो गया। इसके बदले में उसने नार्डिक देशों से आतंकवाद के खिलाफ तुर्की की लड़ाई का समर्थन करने और संदिग्ध आतंकियों का प्रत्यर्पण करने की मांग की।

लेकिन तुर्की की संसद ने नॉर्डिक देशों के अनुरोध का अभी स्वीकार नहीं किया है।

# फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने सीआईए प्रमुख से इजराइल पर दबाव डालने का किया आग्रह

रामल्लाह 30 जनवरी,। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स से आग्रह किया है कि वह इजराइल पर फिलीस्तीनियों के खिलाफ उसके एकतरफा कदमों को रोकने के लिए दबाव डालें। बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाली नई इजराइली सरकार पर अपने एकतरफा उपायों को रोकने और समझौतों का पालन करने के लिए दबाव बनाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करना महत्वपूर्ण है।

रामल्लाह के वेस्ट बैंक शहर में राष्ट्रपति मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान अब्बास ने बर्न्स से कहा, क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और स्थिरता हासिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रस्तावों के आधार पर राजनीतिक स्थिति को बहाल करना महत्वपूर्ण है।

अब्बास ने बर्न्स को नवीनतम घटनाक्रमों और वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में तनाव की हालिया घटनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

अब्बास से मिलने से पहले, बर्न्स ने वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी सुरक्षा तंत्र के प्रमुखों के साथ बातचीत की।

पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में इजराइल और फिलस्तीनियों के बीच बढ़ते तनाव के बीच सीआईए प्रमुख गुरुवार को इजराइल पहुंचे।

# संबंधों को सुधारने के लिए ईरान व सऊदी अरब जल्द करेंगे वार्ता : एफएम

तेहरान 30 जनवरी,। ईरानी विदेश मंत्री हुसैन आमिर-अब्दुल्लाहियान ने कहा है कि ईरान और सऊदी अरब के संबंधों को जल्द ही सामान्य करने पर बातचीत फिर से शुरू होने की उम्मीद है। अमीर-अब्दोलाहियन ने रविवार को ईरान की राजधानी तेहरान में अपनी बैठक के बाद अपने कतरी समकक्ष मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तेहरान और रियाद के बीच अगले दौर की बातचीत पर टिप्पणी की।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात के साथ ईरान के संबंधों में सुधार हुआ है, क्योंकि इन दो अरब राज्यों ने पहले ही अपने राजदूतों को तेहरान वापस भेज दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान और बहरीन के बीच संदेशों का अप्रत्यक्ष आदान-प्रदान एक मध्यस्थ के माध्यम से जारी है। दोनों पक्षों के बीच जारी बातचीत स्थायी सहयोग का विस्तार है। सऊदी अरब ने 2016 की शुरुआत में ईरान के साथ राजनयिक संबंध तब तोड़ दिए, जब उस देश में एक शिया धर्मगुरु को मार डाला गया। द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने और क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए इराक ने 2021 में ईरान और सऊदी अरब के बीच चार दौर की सीधी वार्ता और पिछले साल अप्रैल में पांचवें दौर की मेजबानी की।

# महात्मा गांधी के विचारों को अपनाकर उन पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि : अमित शाह



नई दिल्ली 30 जनवरी, (एजेंसी)। देश के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का निधन आज ही के दिन 30 जनवरी 1948 को हुआ था। नाथूराम गोडसे ने दिल्ली में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बापू को नमन किया है।

अमित शाह ने ट्वीट करते हुए कहा कि स्वदेशी और स्वावलंबन के मार्ग पर चलकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा देने वाले महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। आजादी के अमृतकाल में पूज्य बापू के स्वच्छता, स्वदेशी और स्वभाषा के विचारों को अपनाकर उन पर चलना ही गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

दरअसल 30 जनवरी, 1948 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की बिड़ला हाउस में हत्या कर दी गई थी। इसी दिन बापू की पुण्यतिथि को हर साल शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# 2025 तक उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने का लिया संकल्प

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। भाजपा की दो दिवसीय कार्यसमिति में अंतिम दिन कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय नेतृत्व को यह विश्वास दिलाया गया कि राज्य में लोकसभा चुनाव और निकाय चुनाव में शत-प्रतिशत जीत भाजपा की होगी। साल 2025 तक देश में उत्तराखंड को आदर्श राज्य के रूप मे स्थापित करने का संकल्प लिया गया। राज्य सरकार के अभी तक के कामकाज को भी संगठन ने बेहतर बताया। रायवाला स्थित एक रिजॉर्ट में आयोजित कार्यसमिति के अंतिम दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कई कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में संगठन के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के साथ ही मन की बात कार्यक्रम के लिए अप्रैल में व्यापक आयोजन का फैसला लिया गया। धर्मांतरण कानून पर संगठन ने राज्य सरकार की जमकर तारीफ की। भ्रष्टाचार पर हुई कार्रवाई को ऐतिहासिक बताया। महिलाओं को प्रदेश में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के फैसले को भी जमकर सराहा गया। जोशीमठ में राहत और विस्थापन की प्रक्रिया को लेकर भी संगठन ने सरकार की कार्रवाई पर गुडवर्क की मुहर लगाई। संगठन प्रदेश सरकार के अभी तक के कामकाज से संतुष्ट दिखा। मौके पर महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, सहप्रभारी रेखा वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डा. कल्पना सैनी, सांसद राज्यलक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सतपाल महाराज, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, अजय टम्टा, बृजभूषण गैरोला, मदन कौशिक, धन सिंह रावत, सुनील गामा, अनिता ममगाईं, मधु चौहान, दीप्ति रावत, कर्नल अजय कोठियाल, शमशेर पुंडीर, रविंद्र राणा, महावीर पंवार, कविता शाह, दीपक बिष्ट, सतेंद्र राणा, रमेश मैखुरी, राजेश नौटियाल, मीता सिंह, सिद्धार्थ अग्रवाल, संदीप गोयल, शोभाराम प्रजापति, सुषमा रावत, वीरेंद्र रावत, गिरीश जोशी, इंद्र सिंह फर्स्वाण, लीला बिष्ट, रमेश बहुगुणा, निर्मल मेहरा, प्रताप बिष्ट,गुंजन सुखीजा, कमल जिंदल, दिव्या बेलवाल, रीना रांगड़, विपिन कैंथोला, नेहा जोशी, देवयानी बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सुभाष घाट स्थित कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर महानगर कांग्रेस ने सुभाष घाट स्थित कार्यालय पर ध्वज फहराया। महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श और अहिंसा की प्रेरणा के सामने अंग्रेजों ने भी हार मान ली थी। कार्यकारी महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी व कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह की घोषणा की और पूरे देश को एकजुट कर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा समेत कई आंदोलन किए। महात्मा गांधी के आंदोलन के सामने अंग्रेजों को झुकना पड़ा। ब्लॉक ज्वालापुर अध्यक्ष यशवंत सैनी, ब्लॉक कनखल अध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने कहा कि सबसे पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता कह कर पुकारा था। तभी से गांधी जी पूरे देश के राष्ट्रपिता बन गए। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद अमन गर्ग, आईटी अध्यक्ष अकाश बिरला, ठाकुर रतन सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, चौधरी करतार सिंह, नितिन यादव, विपिन पैवल, ओम मलिक, विमल कुमार आदि प्रमुख रहे।

# भारी बारिश में हटाया अतिक्रमण

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर में नालियों और पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर नगर निगम और तहसील प्रशासन फिर से सख्त हो गया है। इस संदर्भ में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की ओर से भी प्रशासन को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिस पर सोमवार को नगर निगम व तहसील प्रशासन की टीम ने भारी बारिश में नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिसके तहत नालियों व पटरियों को घेर कर लगाए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान आठ से अधिक चालान भी काटे गए व 25 दुकानदारों का सामान जब्त किया गया।

## संपादकीय

# महात्मा गांधी का जीवन ही उनका संदेश

महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उनके बारे में जानने या बताने की सबसे पते की बात यही है कि उनके निकट उनका जीवन ही उनका संदेश था. सत्य व अहिंसा का अपना बहुप्रचारित संदेश भी उन्होंने अपने जीवन में साधकर और अपना धर्म बनाकर ही दिया. अहिंसा को वे मनुष्यमात्र का सबसे बड़ा कर्तव्य मानते थे और चाहते थे कि जो लोग उसका पूरा पालन नहीं कर सकते, वे कम से कम उसकी भावना को समझें. वे जोर देकर कहा करते थे कि अहिंसा कायरता का पर्याय नहीं है और दिल में हिंसा भरी है, तो अपनी कमजोरी को छुपाने के लिए अहिंसा का शोर मचाने से बेहतर है कि हिंसा की जाये. उन्होंने अहिंसा को आजादी की लड़ाई का हथियार बनाया, तो उनका स्पष्ट मानना था कि हिंसक तरीकों से हिंसक आजादी ही हासिल हो सकती है, जो देश के किसी काम नहीं आयेगी. उनका मत था कि देश तलवार की नीति अपना ले, तो वह भले ही क्षणिक विजय पा ले, लेकिन न उस विजय की उम्र लंबी होगी और न वह गर्व का विषय होगी. हम जानते हैं कि चौरी-चौरा कांड के बाद उन्होंने असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया था क्योंकि उन्हें लगने लगा था कि अभी देश अहिंसक संघर्षों के लिए तैयार नहीं हो पाया है, दरअसल, वे भारत को स्वतंत्र ही नहीं, बलवान होता हुआ भी देखना चाहते थे और उनके अनुसार हिंसा बलवानों का नहीं, कमजोरों व कायरों का हथियार थी. वे कहते थे कि पश्चिम के रक्तरंजित मार्ग पर चलते रहने में भारत का कोई भविष्य नहीं है क्योंकि उस पर चलते-चलते पश्चिम स्वयं थक गया है. उन्होंने चेताया भी था कि देश के लिए पश्चिमी सभ्यता की विचारहीन व विवेकहीन नकल का अर्थ अपने हाथों अपना सर्वनाश कर लेना होगा. इसलिए उसे उस सुनहरे मायामृग के पीछे दौड़ना ही नहीं चाहिए. उनकी निगाह में उस आजादी की भी कोई सार्थकता नहीं थी, जिसमें गलती करने की आजादी, आत्मसंयम व आत्मानुशासन शामिल न हो. यह आत्मसंयम उन्हें संपत्ति के अर्जन व संचय की होड़ में भी अभीष्ट था. उनके मतानुसार हमारी धरती जरूरतें तो सबकी पूरी कर सकती है, लेकिन किसी एक व्यक्ति की भी हवस के लिए कम है। वर्ष 1931 में ब्रिटिश सम्राट जार्ज पंचम के बुलावे पर वे उनसे मिलने धोती पहने अधनंगे बदन बकिंघम पैलेस गये, जिसे अंग्रेज अपना सांस्कृतिक प्रतीक मानते हैं. इस सवाल पर कि पूरे कपड़े पहनकर वे क्यों नहीं आये, वे यह कहने से नहीं चूके कि कैसे पहनकर आता, मेरे तो क्या, सारे हिंदुस्तानियों के हिस्से के कपड़े तो आपने, आपके देश ने छीन व पहन लिये हैं.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रीय झंडा फहराया



नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में भारत जोड़ो यात्रा के समापन को प्रतीकात्मक रुप से पूर्व विधायक, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने झंडा फहाराया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाऐ। आदरणीय श्री राहुल गांधी जी का यह सफल प्रयास और 30 जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा का समापन सही मायनों में महात्मा गांधी के बलिदान दिवस उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। भारद्वाज ने कहा कि महात्मा गांधी जी के सम्पूर्ण जीवन ने दुनिया में लोगों की जिदंगी पर गहरा प्रभाव डाला और उनके आदर्श, त्याग, विचारधारा और सिद्धातों की वजह से ही राष्ट्रपिता देश और दुनिया के लोगों के दिलों में बसते है। महात्मा गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह ने का रास्ता दुनिया को दिखाया तथा आजादी के महानायक के तौर पर देश के लोगों एक सूत्र में बांधा, जिससे हमें हमारी अमूल्य आजादी मिली।

अनिल भारद्वाज ने बताया कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी जी ने आज बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रीनगर में झंडा फहराकर 7 सितम्बर, 2022 कन्याकुमारी से शुरु की गई भारत जोड़ो यात्रा का समापन किया। राजनीति से हटकर भारत जोड़ो यात्रा करके श्री राहुल गांधी जी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक का सफर तय की जो इतिहास में स्वर्णिम अध्याय में जुड़ गया है। भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस पार्टी और आम लोगों में एक नई उर्जा का संचार हुआ है। श्री राहुल गांधी जी की इस दृढ़ संकल्परत यात्रा के दौरान आम जनमानस के आपार जनसमूह से मिले समर्थन ने यह सत्यापित कर दिया कि देश और दिल्ली के लोगों में दृढ़ विश्वास और आशा उनके नेतृत्व में नजर आई है। उन्होंने बताया कि श्री राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा का उदेश्य एक ऐसी कट्टरवादी सोच व विचारा के खिलाफ खड़ा होना है जो देश की नींव को ही कमजोर करना चाहती है। अनिल भारद्वाज ने कहा कि महात्मा गांधी की विचारधारा इन्ही जीवन मूल्यों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए जननायक श्री राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा करके देश में आपसी सौहार्द, भाईचारे, सद्भावना, अखंडता और एकता को मजबूत किया और पूरी भारत जोड़ो यात्रा जनहित और देशहित को समर्पित की। 12 राज्यों और 2 केन्द्र शासित राज्यों में 4080 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान श्री राहुल गांधी ने किसान, मजदूर, मछुआरे, छात्र, शिक्षक, डाक्टर, वकील व लगभग सभी वर्गों के हजारों लोगों से मिलकर उनसे चर्चा की और उनकी जीवन शैली, समस्याओं व भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि यात्रा में कदम-कदम पर देश के लोगों और देश को जाना और समझा। अनिल भारद्वाज ने कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, नफरत, साम्प्रदायिकता, नफरत मिटाने, धर्मनिरपेक्षता, कट्टरवादी सोच के खिलाफ देश और देशवासियों के हितों की रक्षा के लिए श्री राहुल गांधी जी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली जिसको पूरे देश में भारी जनसमर्थन मिला।

# मेडिकल एजेंसी में आग लगने से लाखों का सामान राख

रुडकी। शहर की एक मेडिकल एजेंसी में देर रात आग लगने से सामान जलकर स्वाहा हो गया। सूचना मिलने पर अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। संजय निवासी पूर्वावली कोतवाली गंगनहर की मेडिकल एजेंसी गणेशपुर चौक पर है। देर रात मेडिकल एजेंसी में आग लगने की सूचना अग्निशमन कर्मचारियों को मिली। अग्निशमन कर्मचारी अतर सिंह राणा, विपिन सिंह तोमर, हरिश्चंद्र राणा और सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस बीच सूचना पाकर गंगनहर कोतवाली के उप निरीक्षक बीएस बिष्ट भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। अग्निशमन विभाग के अनुसार मौके पर रखी काफी सारी दवा, कुर्सी, मेज, हीटर, सोफा सेट और पुरानी बाइक जलकर राख हो गई। गंगनहर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक रणजीत खनेडा ने बताया कि आग लगने की सूचना पर कोतवाली पुलिस और अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची थी।



# बेटियां पाकर खुद को धन्य महसूस करती हूं : चाहत खन्ना

अभिनेत्री चाहत खन्ना ने 24 जनवरी को समाज में लड़कियों के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाए जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कहा जोहर और अमायरा की मां बनकर खुद को धन्य महसूस कर रही हूं। यह कहते हुए कि उनकी बेटियां, उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, चाहत ने कहा, मेरी बेटियां एक आशीर्वाद हैं। हमारे बीच एक असाधारण बंधन है, और मैं अपनी बेटियों से हर दिन बहुत कुछ सीखती हूं। मेरा दिन उन्हें देखे बिना और उनके साथ समय बिताने के बिना अधूरा है।

इस साल, मैं अपनी लड़कियों को जितना संभव हो उतना प्यार करने और उन्हें समान अधिकार और अवसर देने और दुनिया को संभालने का संदेश फैलाना चाहती हूं। 'कुमकुम', 'काज्जल', 'कबूल है' में अपने काम के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने कहा, मैं हमेशा यह सुनिश्चित करती हूं कि मैं अपनी लड़कियों के लिए सब कुछ सबसे अच्छा प्रदान कर सकती हूं और उनके सभी सपनों को हासिल करने में उनकी मदद कर सकती हूं।

चाहत ने आगे कहा कि देश के कई हिस्सों में लड़कियों के प्रति समाज में असमानता को देखना दुर्भाग्यपूर्ण है और वह आने वाले वर्षों में चीजों को बेहतर होते देखने की उम्मीद करती हैं। अंत में अभिनेत्री ने कहा, दुनिया लड़कियों के बिना अधूरी है, इसलिए उन्हें समान अधिकार और खिलने के अवसर दिए जाने चाहिए। जब भी मैं किसी लडक़ी के साथ दुर्व्यवहार या हत्या की कोई खबर सुनती हूं तो मेरा दिल पसीज जाता है और मैं समझ नहीं पाती हूं कि कोई भी ऐसे प्यारे फरिश्तों को कैसे चोट पहुंचा सकता है।

# अक्षय-इमरान की जोड़ी मचाने वाली है धमाल, सेल्फी के पहले गाने मैं खिलाड़ी का टीजर आउट

अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। अक्षय कुमार की साल 2023 की पहली फिल्म सेल्फी 24 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है जो लोगों को खूब पसंद आ रहा है। इसके बाद फैंस फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच अक्षय कुमार और इमरान हाशमी ने अपनी फिल्म सेल्फी के पहले गाने मैं खिलाड़ी का टीजर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रिलीज कर दिया है। गौरतलब है कि गाने के टीजर से पता चल रहा है कि ये गाना अक्षय कुमार और सैफ अली खान की हिट फिल्म मैं अनाड़ी तू खिलाड़ी का रीमेक है।

अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी फिल्म सेल्फी के पहले गाने मैं खिलाड़ी का टीजर शेयर किया है। गाने के टीजर में आप देख सकते हैं कि अक्षय कुमार और इमरान हाशमी चमकीले पार्टी में सूट में एक साथ डांस कर रहे हैं। उनके साथ कई डांसर्स नजर आ रहे हैं। सेल्फी का पहला गाना मैं खिलाड़ी अक्षय कुमार और सैफ अली खान की हिट फिल्म मैं अनाड़ी तू खिलाड़ी के गाने का रीमेक है। वहीं, टीजर से पता चलता है कि शायद पुराने गाने में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अक्षय कुमार ने गाने के टीजर के साथ उन्होंने लिखा है, मुंह से सीटी और हाथ से ताली बजाने को हो तैयार? यहां पर है मैं खिलाड़ी का टीजर।

# रेड एंड ब्लैक आउटफिट में कृति सेनन ने गिराई हुस्न की बिजलियां



एक्ट्रेस कृति सेनन बॉलीवुड में लंबी हाइट और खूबसूरती के कारण पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों पर कहर बरपाती हैं। फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। वहीं, ऑफ शोल्डर आउटफिट में गजब की बला लग रही हैं। रेड और ब्लैक लाइनिंग ड्रेस में एक्ट्रेस कृति सेनन का रिवीलिंग अवतार दिखाई दिया, जिसमें एक्ट्रेस काफी स्टनिंग लग रही हैं। बॉडीकॉन ड्रेस में कृति सेनन काफी गॉर्जियस लग रही हैं, उनकी तस्वीरों ने फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ा दी हैं। न्यूड मेकअप और गोल्डन ईयरिंग्स में एक्ट्रेस कृति सेनन काफी हॉट लग रही हैं। किलर तस्वीरें देखकर फैंस के दिल बेताब हुए हैं। इन दिनों कृति सेनन अपनी अपकमिंग फिल्म शहजादा का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड मिला है। इंस्टाग्राम में भी एक्ट्रेस की काफी फॉलोइंग है। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 52.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं। बेहद कम समय में ही बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक्ट्रेस ने अपनी एक अलग जगह बनाई है। वो बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। तस्वीरों में कृति सेनन अपना कर्वी फिगर और टोंड लेग्स को भी जमकर फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रहीं हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन की तस्वीरों पर फैंस अपना खूब प्यार लुटा रहे हैं। साथ ही ढेरों लाइक्स के साथ कमेंट्स कर रहे हैं।

# उर्वशी रौतेला ने फिल्म में तीन मिनट के गाने के लिए 2 करोड़ रुपये लिए

सुपरस्टार चिरंजीवी की फिल्म वाल्टर वीरैया 13 जनवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में उर्वशी रौतेला ने आइटम सॉन्ग बॉस पार्टी के लिए मोटी रकम चार्ज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेत्री ने 3 मिनट के इस गाने के लिए 2 करोड़ रुपये चार्ज किए थे। उर्वशी का भारी फीस लेना लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाने वाले प्रकाश राज ने कुल 1.5 करोड़ रुपये लिए।

एक रिपोर्ट का दावा है कि उर्वशी और चिरंजीवी के गाने बॉस पार्टी की कीमत 30 करोड़ रुपये थी। इस गाने को देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया है, जबकि इसे नकाश, अजीज, डीएसपी और हरिप्रिया ने गाया है। वहीं फिल्म की लीड अभिनेत्री श्रुति हासन को रॉ एजेंट की भूमिका निभाने के लिए 2.5 करोड़ रुपये मिले हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो उर्वशी जल्द इंस्पेक्टर अविनाश में रणदीप हुड्डा के साथ नजर आएंगी।

# संजय दत्त और अरशद वारसी फिर आए साथ, फिल्म का फर्स्ट लुक जारी

बॉलीवुड फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस के बाद संजय दत्त और अरशद वारसी की जोड़ी प्रशंसकों की पसंदीदा जोड़ी बन गई है। इस दोनों कलाकारों को एक साथ बड़े पर्दे पर देखना प्रशंसकों कि लिए किसी रोमांच से कम नहीं है। मुन्नाभाई एमबीबीएस में मुन्ना और सर्किट ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। अब एक बार फिर ये जोड़ी तहलका मचाने आ रही है। संजय दत्त ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर साझा किया है जिसे देखकर प्रशंसक अनुमान लगा रहे हैं कि जल्द ही मुन्ना भाई एमबीबीएस की फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म आने वाली है।

सोशल मीडिया पर संजय दत्त ने एक पोस्टर साझा किया है, जिसमें संजय दत्त और अरशद वारसी जेल में खड़े हैं। दोनों ने कैदियों वाले कपड़े पहने हैं तथा काफी परेशान नजर आ रहे हैं। संजय दत्त ने तस्वीर को साझा करते हुए लिखा है- 'हमारा इंतजार आप सभी से कहीं ज्यादा था। मैं अपने भाई अरशद वारसी के साथ एक बार फिर शानदार फिल्म लेकर आ रहा हूं। आप सभी को ये फिल्म दिखाने का इंतजार मैं नहीं कर सकता। जुड़े रहिए।'

विशेष बात ये है कि संजय दत्त ने पोस्टर साझा करते हुए फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की है। पोस्टर में लिखा है कि फिल्म का डायरेक्शन सिद्धांत सचदेव कर रहे हैं तथा फिल्म का प्रोडक्शन संजय दत्त करेंगे। प्रशंसकों से लिए खुशी की बात ये है कि ये फिल्म इसी वर्ष यानि 2023 में ही रिलीज होगी। इस पोस्टर के आते ही प्रशंसक बहुत उत्साहित हो गए हैं। कयास लगने लगे हैं कि ये संजय दत्त की नई फिल्म मुन्ना भाई 3 का पोस्टर है। आपको बता दें संजय दत्त एवं अरशद वारसी की जोड़ी वर्ष 2006 में फिल्म 'लगे रहो मुन्नाभाई' में दिखाई दी थी।